गर्भवती महिला एवं बच्चों को मिल रहा पोषण आहार कीट

भिलाईनगर। भिलाई निगम क्षेत्र में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में 6 माह पूर्ण करने वाली गर्भवती माता की गोदभराई के साथ ही उन्हें पोषण आहार कीट दिया जा रहा है ,वही बच्चों को पोषक तत्वों से भरपूर कीट देकर परिवारजनों को बच्चों के खानपान की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक स्वास्थ्य सुविधा का लाभ ले रहे है। सैंकड़ो की संख्या में लोग निःशुल्क बीपी , शुगर, ब्लड ग्रुप की जांच कराकर डाॅक्टरों की सलाह अनुसार दवाईयां भी ले रहे है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में संकल्प शिविर का 10वां दिन खुर्सीपार पोष्ट आफिस ग्राउंड और सिविक सेंटर पार्किंग स्थल पर आयोजित हुआ। महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी शिल्पा तिवारी एवं पर्यवेक्षक दीपशिखा ने बताया कि 22 दिसंबर से आयोजित शिविर में अब तक 20 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई का आयोजन कर उनके परिजन को गर्भावस्था के दौरान देखभाल , खानपान की पूरी जानकारी देने के साथ उन्हें रेडी टू ईट पैकेट , फल सब्जियां, रागी, गुड़, चना व अन्य पोषक तत्वों तथा सुहाग की सामग्री का कीट स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रदान किया जा चुका है साथ ही कुपोषित बच्चों को भी रेडी टू ईट का व्यंजन बनाकर वितरण किया जा रहा है ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। भिलाई निगम क्षेत्र के दो स्थान पर लगे शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचकर उज्जवला योजना , प्रधानमंत्री आवास, प्र.मं विश्वकर्मा योजना जैसे जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए लगाए गए स्टाॅल में जानकारी ले रहे और और योजना का लाभ लेने फार्म भी भर रहे है। संकल्प यात्रा शिविर में स्वास्थ्य विभाग विभाग द्वारा लगाए गए स्टाॅल में बीपी, शुगर, टीबी की जांच जांच की जा रही है , साथ ही सर्दी, खांसी, बुखार, जकड़न, चक्कर आना, हाथ पैर में दर्द आना जैसे सामान्य रोग की डाॅक्टरों द्वारा जांच उपरांत दवाई दी जा रही है। निगम क्षेत्र के दो स्थानों पर आयोजित शिविर में खुर्सीपार क्षेत्र की पार्षद सरिता देवी , पूर्व सभापति पी.श्याम सुंदर राव ,सिविक सेंटर में योगेंद्र सिंह , तिलक राज, रजनीकांत पांडे, अशोक जैन शामिल हुए और उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर शिविर में उपस्थित नागरिको ने भारत को विकसित एवं समृद्ध राष्ट्र बनाने में हम सबकी अनिवार्य सहभागिता को लेकर संकल्प दिलाये।